## संक्षिप्त समाचार

### केमिकल फैक्ट्री में लगी आग, कोई हताहत नहीं

**ठाणे,** ठाणे जिले के अंबरनाथ इलाके के एक गांव में स्थित केमिकल फैक्ट्री में शनिवार तड़के आग लग गई। इस घटना में किसी के हताहत होने की सूचना नहीं है। नगर निगम के एक अधिकारी ने यह जानकारी दी। ठाणे नगर निगम के आपदा प्रबंधन प्रकोष्ठ के प्रमुख संतोष कदम ने कहा कि मोरली गांव की एक केमिकल फैक्ट्री में शनिवार तड़के आग लग गई। दमकल की पांच गाड़ियों ने आग पर काबू पाया। अधिकारी ने कहा कि इस घटना में कोई हताहत नहीं हुआ है। हालांकि, फैक्ट्री आग में पूरी तरह जल गई। उन्होंने कहा कि आग लगने के कारणों का पता लगाया जा रहा है।

???

????

# मनपा के 550 अधिकारियों व कर्मचारियों के पदोन्नति समेत आयुक्त ने लिए कल्याणकारी निर्णय

**नवी मुंबई,** कोरोना काल में मनपा के आरोग्य विभाग समेत अन्य विभागों के अधिकारी, कर्मचारियों की सेवा के मद्देनजर मनपा आयुक्त अभिजित बांगर ने कल्याणकारी निर्णय लिए हैं।



जिसमें कोरोना काल में काम के लिए विशेष भत्ता देने, दिवंगत कर्मचारियों के परिजनों को 25 लाख रूपये का सनुग्रह अनुदान देने जैसे निर्णय शामिल है। इसके आलावा प्रलंबित पदोन्नति व आश्वासित प्रगति योजना को लागू करने का निर्णय लिया है। अभी हाल में मनपा की सेवाप्रवेश नियमावली मंजूर की गयी है। जिसके चलते मनपा आयुक्त बांगर अधिकारी, कर्मचारी पदोन्नति व आश्वासित प्रगति योजना लागू करने के बारे में समीक्षा बैठक की। इन दोनों विषयों तकनीकी मुद्दे और शर्तों पर विस्तार से चर्चा कर मार्ग निश्चित किया। चर्चा के अंत न प्रशासन विभाग के उपायुक्त दादासाहेब चाबुकस्वार व मुख्य लेखा व वित्त अधिकारी धनराज गरड शीघ्र प्रस्ताव तैयार कर पेश करने निर्देश दिया। इसमें वर्ग 3 व 4 के कर्मचारियों के संवर्ग में प्राथमिकता देने का आयुक्त बांगर ने निर्देश दिया है। 7 मई 2021 के शासन निर्णय के अनुसार कोटे के रिक्त पद सेवा वरिष्ठता के अनुसार भरने की मंजूरी मिली है। जिसके क्रियान्वयन को मनपा आयुक्त बांगर ने अपनी मंजूरी दे दी है। इससे मनपा के 54 संवर्ग के करीब 550 से अधिक मनपा अधिकारियों व कर्मचारियों को लाभ मिलने वाला है। इसी तरह सातवें वेतन आयोग का 3 लाभार्थियों संशोधित सेवान्तार्गत आश्वासित प्रगति योजना को लागू करने की मंजूरी दी है।

# एसटी कर्मचारियों के लिए मुफ्त टिफिन भोजन की सेवा

**ठाणे,** कोरोना काल में सेवा देने वाले एसटी कर्मचारियों को मुफ्त समतोल आहार भोजन टिफिन की सुविधा उपलब्ध कराते हुए विधायक केलकर ने कहा की 50 कर्मचारियों के लिए व्यवस्था की गयी है इसके पहले संस्था की ओर सिविल अस्पताल के डाक्टर, नर्स व कर्मचारियों को मुफ्त भोजन व एनर्जी ड्रिंक का प्रबंध कराया है। उन्होंने कहा कि कोरोना संक्रमण बढ़ ही रहा है जिससे आवश्यक सेवा के कर्मचारियों को भोजन की असुविधा होती है। सुबह जल्दी घर से बाहर निकने के चलते खाने का डब्बा लाना संभव नहीं होने से उन्हें खाने की समस्या होती है। ठाणे एसटी के चालक, वाहक व कर्मचारियों को मुफ्त भोजन




उपलब्ध कराने के लिए समतोल सेवा फ़ाउंडेशन सामाजिक संस्था के माध्यम से अत्यावश्यक सेवा के कर्मचारियों के लिए मुफ्त टिफिन सेवा शुरू किया है। उन्होंने कहा कि आज 50 पंजीकृत कर्मचारियों को सेवा मुहैया कराया है। विधायक केलकर ने कहा कि कोरोना काल में अनेक लोगों को खाने पीने की समस्या के बावजूद वे अपनी सेवा देने में लगे रहे हैं। कोरोना योद्धा के रूप में लोग काम करते हैं। ऐसे लोगों की मदद के लिए समतोल फ़ाउंडेशन की ओर से टिफिन सेवा शुरू किया है। कोरोना काल में निष्ठा से अपनी जान की परवाह न कर लोगों को सेवा देने वाले कोरोना योद्धाओं के पीछे पूरा समाज खड़ा है। उन्होंने कहा है कि कोरोना काल में आवश्यक सेवा के कर्मचारियों का मनोबल बढ़ाने के लिए उन्हें प्रोत्साहन देने की आवश्यकता है।



छत्रपति शिवजी महाराज टर्मिनस पर शनिवार को एक यात्री का स्नाब लेती हुई मनपाकर्मी। (छाया : दीपक सालवी)

# 8 लोगों की म्यूकोरमाइकोसिस से मौत : डीएमईआर

मुंबई, महाराष्ट्र में म्यूकोरमाइकोसिस (कवक संक्रमण) से कम से कम आठ लोगों की मौत हुई है। ये लोग कोविड-19 को मात दे चुके थे, लेकिन काले कवक की चपेट में आ गए। राज्य में ऐसे लगभग 200 मरीजों का उपचार चल रहा है। चिकित्सा शिक्षा एवं अनुसंधान निदेशालय (डीएमईआर) के प्रमुख, डॉक्टर तात्याराव लहाने ने कहा कि म्यूकोरमाइकोसिस के मामले बढ़ रहे हैं। उन्होंने पीटीआई-भाषा से कहा, 'राज्य के विभिन्न हिस्सों में अब तक उपचार करानेवाले ऐसे 200 मरीजों में से आठ की म्यूकोरमाइकोसिस, जिसे काला कवक भी कहा जाता है, की वजह से मौत हो गई है। ये लोग कोविड-19 से बच गए थे, लेकिन कवक संक्रमण ने उनकी कमजोर रोग प्रतिरोधक क्षमता पर हमला किया जो जानलेवा साबित हुआ।' नीति आयोग के सदस्य (स्वास्थ्य) वी के पॉल ने शुक्रवार को कहा था कि म्यूकोरमाइकोसिस रोग म्यूकर नाम के कवक की वजह से होता है जो नम सतहों पर पाया जाता है। उन्होंने यह भी कहा था कि जब कोविड-19 मरीज को ऑक्सीजन प्रणाली पर रखा जाता है तो उसमें वायु को नम रखनेवाला जलयुक्त उपकरण लगा होता है, ऐसी स्थिति में मरीज के कवक संक्रमण की चपेट में आने का जोखिम बढ़ जाता है। डॉक्टर लहाने ने कहा कि कवक संक्रमण की बीमारी के बारे में पहले से ही पता है, लेकिन इसके मामले कोविड-19 संबंधी जटिलताओं की वजह से बढ़ रहे हैं जिसमें स्टेरॉइड दवाओं का इस्तेमाल कई बार रक्त में शर्करा का स्तर बढ़ा देता है और कुछ दवाओं का परिणाम रोग प्रतिरोधक क्षमता के कमजोर होने के रूप में निकलता है।

## फरहान और अंकिता ने कोविड की खुराक ली

**मुंबई,** अभिनेता फरहान खान, गुरमीत चौधरी और अभिनेत्री अंकिता लोखंडे ने शनिवार को कोविड-19 रोधी टीके की पहली खुराक ली। तीनों ने सोशल मीडिया पर इसकी जानकारी दी। फरहान (47) ने ट्वीट किया कि उन्होंने यहां अंधेरी स्पोर्ट्स कॉम्पलेक्स में स्थित टीकाकरण केन्द्र में टीका लगवाया। उन्होंने लिखा, 'अंधेरी स्पोर्ट्स कॉम्पलेक्स में टीके की पहली खुराक ली। सुव्यवस्था के लिये बीएमसी और मुंबई पुलिस का धन्यवाद।' लोखंडे (36) ने टीका लगवाने की अपनी वीडियो इंस्टाग्राम पर डाली, जिसके साथ उन्होंने लिखा, 'मैंने टीका लगवा लिया है, जितना जल्दी हो सके आप भी लगवा लें।' चौधरी ने अपनी पत्नी देबीना बनर्जी के साथ टीका लगवाया। उन्होंने लिखा, 'कृपया, अगर-मगर के चक्कर में न पड़ें। टीकाकरण न केवल आपके लिये बल्कि आपके आसपास के लोगों के लिये भी बहुत महत्वपूर्ण है।'

## कोरोना उपचार के लिए नि:शुल्क प्लाज्मा मिले–उपमहापौर

**मीरारोड,** मीरा भाईंदर-कोरोना उपचार के लिए प्लाज्मा थेरपी एक महत्वपूर्ण जीवन रक्षक उपचार है ऐसे में अधिकांश लोगों का सरकारी उपचार केंद्र ही एक मात्र सहारा है लेकिन सरकारी उपचार केंद्र में भी प्लाज्मा के लिए भारी भरकम पैसा भरना पड़ रहा है इसी संदर्भ में मीरा भाईंदर उपमहापौर हसमुख गहलोद ने संबंधित मंत्रियों एवं मीरा भाईंदर मनपा आयुक्त दिलीप ढोले को सरकारी संस्थानों में कोरोना उपचार के लिए लगने वाले प्लाज्मा को नि:शुल्क देने का सुझाव पत्र लिखकर दिया एवं उम्मीद जताई कि



उपरोक्त सुझाव को अमल में लाकर लोगों की मदत की जा सकेगी। मीरा भाईंदर मनपा उपमहापौर हसमुख गहलोद ने कहा कि मैनें लोगों के दर्द को देखा है अगर ऐसा हुआ तो कोरोना मरीजों के परिजनों को काफी राहत मिलेगी।

## 'स्वामला' स्वास्थ्य एवं रोगप्रतिकारक्षमता वर्धक च्यवनप्राश

आज के आधुनिक युग का असर शहरों तक सिमीत न रहते हुए गांवों तक फैल चुका है। खानपान एवं रहन-सहन की बिगड़ती आदतों का असर शरीर पर दिखाई देने लगा है। आवश्यक पोषक तत्वों की कमी के कारण शरीर दुर्बल होने से शरीर की रोगप्रतिकारशक्ति धीरे-धीरे कम होने लगती है। रोगप्रतिकारशक्ति की कमी की वजह से विविध संक्रामक विकार शरीर को बार-बार पीड़ित कर, उसे और भी दुर्बल बना देते हैं। ऐसी शारीरिक स्थिति के लिए आयुर्वेद द्वारा सुझाया उपाय है, रसायन गुणधर्मों से संपन्न योग को शरीर के दुर्बल घटकों को आवश्यक पोषण देकर उन्हें सुदृढ बनाए, जिससे रोगप्रतिकारशक्ति भी उत्तम हो जाए। स्वामला यह ऐसा ही एक रसायन योग है। इसमें उत्तम गुणवत्ता के आवले तथा अन्य वनस्पति द्रव्य, गाय का शुद्ध घी, शहद आदि घटकों से निर्मित च्यवनप्राश के साथ मानकीकृत एवं सुरक्षित सुवर्ण भस्म, रजत भस्म, लोह भस्म, मकरध्वज जैसे घटक उपस्थित है। इन घटकों से संपन्न स्वामला यह च्यवनप्राश शरीर के घटकों को उत्तम पोषण देकर स्वास्थ्य एवं रोगप्रतिकारशक्ति को बरकरार रखने में सहायता करता है। इसका सेवन नियमित रूप से करने से उत्तम लाभ मिलता है। अपने दिन की शुरूआत 'स्वामला' से अवश्य करें। श्री धूतपापेश्वर लिमिटेड का स्वामला एक बहेतरीन औषधि है जो हर समय इस्तेमाल की जा सकती है।





## पश्चिम रेलवे

### हाउसकीपिंग कार्य

मंडल रेल प्रबंधक (डब्ल्यूए), पश्चिम रेलवे, ६ठा तल, अभियांत्रिकी विभाग, मुंबई सेंट्रल, मुंबई - ४०000८ द्वारा निम्न स्वरूप दिये विवरणानुसार ई-निविदा आमंत्रित की जाती है. **निविदा सूचना सं. एवं दिनांक : बीसीटी/२१-२२/३८ दिनांक ०६.०५.२०२१. कार्य एवं स्थल :** (अ) मुंबई सेंट्रल - एक साल के लिए ३रा तल, ४था तल एवं ५वां तल अधिकारी विश्राम गृह (परिचर सदन विश्राम गृह) मुंबई सेंट्रल (कैटरिंग सेवा सहित) सहित जे. आर. अस्पताल मरीज परिचर इमारत की हाउसकीपिंग करना. (ब) चर्चगेट में अधिकारी विश्राम गृह के लाइंस की हाउसकीपिंग एवं वाशिंग कार्य. (सर्विस निविदा). **कार्य की लगभग कीमत रु. में :** रु. १,४२,२९,६८३/-. **ईएमडी :** शून्य. **प्रस्तुत करने की तिथि एवं समय :** ०१.०६.२०२१ को १५.०० बजे तक. **खुलने की तिथि एवं समय :** ०१.०६.२०२१ को १५.३० बजे तक. विस्तृत निविदा शर्तों/यदि कोई शुद्धिपत्र है, तो उसके लिए कृपया **www.ireps.gov.in** पर अवलोकन करें. व्यक्तिगत प्रस्ताव पर विचार नहीं किया जायेगा. 081

हमें लाइक करें: facebook.com/WesternRly


## टीएमटी का 7वां वेतन आयोग के लिए प्रयास शुरू

**ठाणे,** मनपा परिवहन सेवा के कर्मचारियों को सातवाँ वेतन आयोग के अनुसार वेतन व सुविधाएं लागू करने के लिए परिवहन समिति ने मनपा प्रशासन को डिमांड लेटर भेज दिया है। इस आशय की जानकारी देते हुए परिवहन सदस्य शमीम खान ने बताया कि टीएमटी अधिकारीयों व कर्मचारियों के वेतन आयोग लागू कराने के लिए प्रयास शुरू है। मनपा परिवहन समिति सदस्य खान ने बताया कि गृहनिर्माण मंत्री डा जितेन्द्र आव्हाड के आदेश पर हमने परिवहन सेवा को 19 अप्रैल 2021 को पत्र दिया था जिसमें परिवहन सेवा के अधिकारियों व कर्मचारियों को सातवाँ वेतन आयोग के अनुसार वेतन लागू करने की मांग किया था। उक्त मांग को मंजूरी देते हुए परिवहन

## कोविड –19 के खिलाफ लड़ाई में मध्य रेल का सक्रिय योगदान जारी

**मुंबई,** मध्य रेल कोविड -19 के प्रसार के खिलाफ देश की लड़ाई में सक्रिय योगदान दे रहा है। मध्य रेल के महाप्रबंधक आलोक कंसल ने 6 मई को मध्य रेल के विभाग प्रमुखों और मंडल रेल प्रबंधकों के साथ मध्य रेल पर कोविड की तैयारियों की समीक्षा के लिए एक वर्चुल बैठक आयोजित की। श्री कंसल ने ऑक्सीजन की आपूर्ति, दवाई, दैनिक उपयोग और स्टॉक इन हैंड के बारे में चर्चा की और मुंबई और अन्य मंडलों के चिकित्सा प्रमुखों को निर्देश दिया कि वे समय पर दवाओं और कोविड से संबंधित वस्तुओं की उपलब्धता सुनिश्चित करें। सभी हेल्थ केयर वर्कर्स, फ्रंटलाइन व फील्ड वर्कर्स जैसे निर्माण, परिचालन, इंजीनियरिंग विभाग, आदि को टीकाकरण हेतु आगे आने के लिए प्रेरित किया जाए। मुंबई क्षेत्र के रेल कर्मियों और उनके परिवारों के लिए डॉ बाबासाहेब आंबेडकर मेमोरियल हॉस्पिटल के अलावा कल्याण, ठाणे, पनवेल, सीएसएमटी, इगतपुरी और लोनावला में टीकाकरण केंद्र संचालित किए जा रहे हैं। लोनावला और इगतपुरी टीकाकरण केंद्र भी मध्य रेल के पुणे और भुसावल की आवश्यकताओं को पूरा करते हैं।




## पश्चिम रेलवे

### ई–प्रापण निविदा सूचना क्र. एस/१७/२०२१ दिनांक ०५.०५.२०२१

| अ. क्र. | आइटम का संक्षिप्त विवरण | परिमाण | टी.ओ.डी. |
|---|---|---|---|
| ३३५ | डिस्चार्ज पाइप फ्लैंज के लिए फ्लैंज कवर | ४१४० नग | १९.०५.२०२१ |
| ३३६ | शाकल लॉक | २००० नग | १९.०५.२०२१ |
| ३३७ | पे आउट स्प्रिंग | ११७ नग | २०.०५.२०२१ |
| ३३८ | बीसीएनएचएल वैगन के लिए कपलर रॉड | १२० नग | २०.०५.२०२१ |
| ३३९ | इनहेंस्ड कैपेसिटी स्क्रू कपलिंग | ६१ नग | २१.०५.२०२१ |
| ३४० | लॉन्गीच्युडिनल बम्प स्टॉप के लिए रबर पैड | १९१२ नग | २१.०५.२०२१ |
| ३४१ | ट्रैक्शन सेंटर | ६६ नग | २१.०५.२०२१ |
| ३४२ | प्राइमरी बम्प स्टॉप | ४२७२ नग | २१.०५.२०२१ |
| ३४३ | सेकंडरी स्प्रिंग आउटर | ८५ नग | २१.०५.२०२१ |
| ३४४ | सेकंडरी स्प्रिंग इनर | १४२ नग | २१.०५.२०२१ |
| ३४५ | ब्रेक ब्लॉक | १०००० नग | २१.०५.२०२१ |
| ३४६ | १३ आइटम्स के कोरोनरी ट्रे कन्सिस्ट | १ सेट | २१.०५.२०२१ |
| ३४७ | नेफ्रोस्कोप | १ नग | २१.०५.२०२१ |
| ३४८ | बोल्स्टर आउटर हेलिकल स्प्रिंग | १७० नग | २२.०५.२०२१ |
| ३४९ | डोर चेक स्प्रिंग्स | ११६४ नग | २२.०५.२०२१ |
| ३५० | प्रेशर गेज | ३२१ नग | २४.०५.२०२१ |
| ३५१ | सिंगल पीस एफआरपी लौवर शटर | १३३४ नग | २४.०५.२०२१ |
| ३५२ | बाल ज्वाइंट ट्रैक्शन लीवर | ३७०८ नग | २४.०५.२०२१ |
| ३५३ | बाल ज्वाइंट रोल लिंक | १५०० नग | २४.०५.२०२१ |
| ३५४ | लेटरल बम्प स्टॉप | १७९० नग | २४.०५.२०२१ |
| ३५५ | स्टैंडर्डाइज्ड ब्रेक डिस्क | १६० नग | २४.०५.२०२१ |
| ३५६ | वाइड जॉ एडाप्टर | १७९२ नग | २४.०५.२०२१ |
| ३५७ | प्राइमरी स्प्रिंग आउटर | ३७२ नग | २४.०५.२०२१ |
| ३५८ | साइड बियरर अरेंजमेंट के लिए स्प्रिंग | १४५८ नग | २४.०५.२०२१ |
| ३५९ | अपग्रेडेड हाई टेंसिल सीबीसी के लिए लॉक | ५३२१ नग | २४.०५.२०२१ |
| ३६० | लाइनर के साथ कास्ट स्टील बोल्स्टर | १४ नग | २४.०५.२०२१ |
| ३६१ | बीसीएन वैगन के लिए साइड बियरर टॉप | ६० नग | २४.०५.२०२१ |
| ३६२ | १०७ वर्ग मिमी. कैटेनरी वायर | ७८७५० मीटर | २५.०५.२०२१ |
| ३६३ | फिल्टर एलिमेंट | ३८० नग | २५.०५.२०२१ |
| ३६४ | के टाइप हाई फ्रिक्शन कम्पोजिट ब्रेक ब्लॉक | ८६८४३ नग | २५.०५.२०२१ |
| ३६५ | एक्सल बॉक्स पिओट बुश | ३५७१ नग | २५.०५.२०२१ |
| ३६६ | रबर स्प्रिंग | १२६४ नग | २५.०५.२०२१ |
| ३६७ | सेकंडरी वर्टिकल डैम्पर | ६५३ नग | २५.०५.२०२१ |
| ३६८ | व्हील सेट अर्थिंग इक्विपमेंट | ८७० सेट | २५.०५.२०२१ |
| ३६९ | ब्रांच पाइप २० एन.बी | ३० नग | २५.०५.२०२१ |
| ३७० | ६५ वर्ग मिमी. कैटेनरी वायर | ९१२४० मीटर | २६.०५.२०२१ |
| ३७१ | सेंटरिंग डिस्क | ७६ नग | २६.०५.२०२१ |
| ३७२ | प्राइमरी सस्पेंशन के लिए सेंटरिंग डिस्क | १०० नग | २६.०५.२०२१ |
| ३७३ | बोल्स्टर आउटर हेलिकल स्प्रिंग | १३० नग | २६.०५.२०२१ |

विस्तृत सूचना, ईएमडी, खरीद मर्यादा एवं विस्तृत निविदा शर्तों के बारे में कृपया वेबसाइट **www.ireps.gov.in** एवं **www.wr.indianrailways.gov.in** पर अवलोकन करें.
078 प्रधान मुख्य सामग्री प्रबंधक के लिए

Like us on: facebook.com/WesternRly • Follow us on: twitter.com/WesternRly


# प्रसूति और स्त्री रोग विशेषज्ञ का चयन कैसे करें?




**मातृत्व को स्त्री के जीवन का सबसे बड़ा उपहार माना जाता है। हर जोड़े को लगता है कि अपने बच्चे को दुनिया में लाने का अनुभव सुखद और सुरक्षित होना चाहिए। यह प्रत्येक महिला और उसके नवजात बच्चे का अधिकार है, लेकिन पहली बार माता–पिता अनभिज्ञ होते हैं या संशय में होते हैं कि अस्पताल और डॉक्टर का चयन कैसे करें क्योंकि उनके पास अनुभव नहीं होता है। इसलिए यहां हम बताएंगे कि सही स्त्री रोग विशेषज्ञ या प्रसूति विशेषज्ञ और सही अस्पताल चुनने के क्या मापदंड हैं।**

**प्राथमिक जानकारी :**

आज का युग सूचना प्रौद्योगिकी और स्मार्ट मोबाइल फोन का है। इसकी मदद से हम एक पल में जरूरत की जानकारी प्राप्त कर सकते हैं। सूचनाओं की बाढ़ आ जाती है। यह बहुत महत्वपूर्ण है कि आप उन सभी से आवश्यक और सही जानकारी प्राप्त करें। इसके लिए कुछ दिशा निर्देश दिए गए हैं। आप इंटरनेट के माध्यम से समझ सकते हैं कि आप जिस क्षेत्र में रहते हैं, वहां कितने और कौन से अस्पताल हैं। आप यह मूल जानकारी गूगल या जस्ट डायल / प्रैक्टो या इसी तरह की वेबसाइटों का उपयोग करके प्राप्त कर सकते हैं। इस विकल्प का लाभ यह है कि कुछ ही क्षणों में आप इच्छित जानकारी प्राप्त कर सकते हैं। यह गुणवत्ता के अनुसार वर्गीकृत किया गया लगता है, लेकिन प्राप्त जानकारी हमेशा विश्वसनीय नहीं होती है क्योंकि ये उक्त मीडिया ( गूगल या जस्ट डायल / प्रैक्टो ) डॉक्टर से सेवा शुल्क लेकर जानकारी प्रदान करते हैं। कई लोगों ने ईमानदारी से अपने अनुभव दर्ज किए हैं, जो निश्चित रूप से आपको लाभान्वित करेंगे। लेकिन कभी-कभी बहुत अच्छी समीक्षा या बहुत खराब समीक्षा संदिग्ध हो सकती है। इसके अलावा यदि आपको किसी साइट पर अस्पताल का टेलीफोन नंबर मिलता है, तो बात करें या अस्पताल में जाकर सुनिश्चित करें। अपने संदेह और सवाल पूछने में संकोच न करें। जवाबों की जांच करें, आंख मूंदकर विश्वास न करें। वह व्यक्ति जिसने खुद अस्पताल और डॉक्टर का अनुभव किया है और यदि उसने जानकारी दी है तो वह सबसे विश्वसनीय है।

**अस्पतालों के प्रकार :**

प्रसूति और संबंधित सुविधाओं वाले अस्पतालों को नर्सिंग होम या मातृत्व अस्पताल कहा जाता है। नर्सिंग होम दो प्रकार के होते हैं। कुछ अस्पतालों का स्वामित्व प्रसूति विशेषज्ञ होते हैं और अन्य अस्पताल जहां प्रसूति विशेषज्ञ पैनल के चिकित्सक होते हैं। इसी तरह, आप कॉर्पोरेट अस्पतालों और सरकारी अस्पतालों में ये सुविधाएं आसानी से प्राप्त कर सकते हैं।

**Matoshree Multi Speciality Hospital**
Advanced | Affordable | Ethical

यदि आप सरकारी अस्पताल में जन्म देने की योजना बना रहे हैं, तो सरकारी सुविधाओं और योजनाओं का अध्ययन अवश्य करें और उनका लाभ उठाएं। इसके अलावा, यह सुनिश्चित करें कि किसी आपात स्थिति में ऐसे अस्पताल में कैसे जाया जा सकता है और आपातकालीन पंजीकरण की क्या व्यवस्था है।

**सारांश**

**इसे तीन तरीकों से वर्गीकृत किया जा सकता है, यदि आप स्वीकार करते हैं कि किसी भी तरह की सेवा के लिए भुगतान करना महत्वपूर्ण है। एक सरकारी अस्पताल निश्चित रूप से गरीबों के लिए सुविधाजनक है। यहां आपको वे सभी सुविधाएं मिलती हैं जिनकी आपको बहुत कम या नगण्य लागत पर, केवल कुछ असुविधाओं के साथ, जिनके बारे में हम सभी जानते हैं! मध्यवर्गीय जोड़ों के लिए, एक निजी नर्सिंग होम (स्त्री रोग विशेषज्ञ के स्वामित्व वाला) चुनें जो आपके निवास स्थान के करीब हो। उच्च वर्ग के जोड़े भी एक कॉर्पोरेट अस्पताल का खर्च उठा सकते हैं। ऐसे अस्पताल में आपको अस्पताल और होटल की संयुक्त सुविधा मिल सकती है। एक आखिरी बात ध्यान देने योग्य है कि कोई भी डॉक्टर चाहता है कि उसका मरीज खुश और संतुष्ट हो! उनका उद्देश्य प्रसव के अनुभव को सुखद बनाना है। उस जगह और उस डॉक्टर के लिए आप कितना सुरक्षित महसूस करते हैं, बजाए इसके कि अस्पताल कितना भव्य है। कोई भी अस्पताल या डॉक्टर चुनें जो आपको सूट करे, लेकिन उस पर भरोसा करें क्योंकि विश्वास बढ़ाने के लिए, आपको पहले विश्वास करना होगा।**

**मार्गदर्शक तथ्य :**

सबसे महत्वपूर्ण बात यह है कि आपका विशेषज्ञ डॉक्टर कौन है। पता लगाएं कि आपके द्वारा चुने गए अस्पताल में स्त्री रोग विशेषज्ञ और प्रसूति विशेषज्ञ कौन हैं। कुछ अस्पतालों में, कुछ डॉक्टर नियमित अंतराल पर उपलब्ध होते हैं। यदि ऐसा है तो पता करें कि वैकल्पिक डॉक्टर किस समय उपलब्ध हैं। निजी मातृत्व अस्पतालों में पूर्णकालिक डॉक्टर या सुविधाएं हो सकती हैं जो कभी भी जरूरत पड़ने पर उपलब्ध हो सकती हैं, लेकिन यह सुनिश्चित करें। संभव हो तो एक अस्पताल चुनें जिसमें बाल रोग विशेषज्ञ भी उपलब्ध हों। बच्चे के जन्म के बाद अस्पताल में क्या-क्या सुविधाएं हैं, पता करें कि जरूरत पड़ने पर तत्काल इलाज के लिए। एनआईसीयू (शिशुओं के लिए गहन देखभाल इकाई) नवजात शिशुओं के लिए सबसे अच्छी फोटो थेरेपी सुविधा है, लेकिन यदि आवश्यक नहीं है तो कम से कम, उन्हें दूसरे अस्पताल में ले जाने की सुविधा होनी चाहिए। ऐसा करने के लिए परिवहन के लिए आवश्यक समय और परिवहन सुविधा पर विचार करें। आपके पास आपके द्वारा चुने गए डॉक्टर की डिग्री जानने का अधिकार है, उसे यह कहां से मिली है, उसे इस काम में कितना अनुभव है । आमतौर पर सरकारी अस्पतालों में प्रशिक्षित होने वाले डॉक्टर अधिक विशिष्ट होते हैं। यहां तक कि अगर आप एक कॉर्पोरेट अस्पताल चुनने जा रहे हैं, तो वहां सेवाएं प्रदान करने वाले डॉक्टरों की पूरी जानकारी प्राप्त करें। अस्पताल के बुनियादी ढांचे की जांच करें। अस्पताल संभव हो तो आपके निवास स्थान के करीब होना चाहिए या किसी भी समय इसकी पहुंच होनी चाहिए। कई स्वास्थ्य बीमा कंपनियां आजकल मातृत्व और अन्य संबंधित मुद्दों के लिए बीमा प्रदान करती हैं। यदि आप इन



**डॉ गणेश वाकचौरे**
MBBS MS FMAS PGDMLS
**स्त्रीरोग व दूरबीन द्वारा सर्जरी में विशेषज्ञ**
सर जे जे अस्पताल व के ई एम अस्पताल मुंबई.
मातोश्री हॉस्पिटल सेक्टर -20 कामोठे.
मातोश्री हॉस्पिटल ओरियोन मॉल के पास पनवेल
8422992507

सुविधाओं को लेने जा रहे हैं, तो यह पूर्ण रूप से पता होना बेहतर है कि चयनित अस्पताल इन सुविधाओं को प्रदान करने के लिए कितने तैयार हैं। उपचार की लागत के बारे में अपने डॉक्टर से पूछें। डॉक्टर या ज़िम्मेदार व्यक्ति यह जानकारी कितनी पारदर्शिता से देता है, इसकी जांच करें। यदि प्रत्येक सेवा के लिए शुल्क एक निर्देश के रूप में अस्पताल में उपलब्ध है तो इसे ध्यान से पढ़ें और इसे उपयुक्त के रूप में रिकॉर्ड करें। यह सबसे अच्छा है यदि परीक्षण केंद्र संभव रक्त और अन्य परीक्षणों के लिए परिसर में हो या उसके आस-पास अस्पताल में है। दवाओं की आसान उपलब्धता के लिए यदि अस्पताल की अपनी फार्मेसी है तो भी बहुत अच्छा है, लेकिन यदि नहीं तो कम से कम फार्मेसी अस्पताल के करीब होनी चाहिए। अस्पताल के वार्ड, बेड की सुविधाओं पर भी नजर रखें।

कुछ महिलाएं स्त्री रोग विशेषज्ञ से सुरक्षित महसूस करती हैं, इसलिए यह मुद्दा कि क्या डॉक्टर महिला है या पुरुष कुछ के लिए भी महत्वपूर्ण हो सकता है। लेकिन उपचार के संदर्भ में पुरुष या महिला चिकित्सक का मुद्दा गौण है। यह जानना महत्वपूर्ण है कि किन मामलों में रोगी को दूसरी जगह भेजा जाता है। यह जांचना भी महत्वपूर्ण है कि भूलतज्ञ कौन हैं और अस्पताल में दर्द रहित डिलीवरी उपलब्ध है या नहीं । यदि प्रसव वेदना बर्दाश्त नहीं की जाती है, तो सर्जरी के जरिए दर्द रहित प्रसव विधि अधिक उपयुक्त है। कई अस्पतालों या डॉक्टरों के कुछ पैथोलॉजी लैब के साथ पेशेवर संबंध हैं। यह सुनिश्चित करें कि परीक्षण एक विशिष्ट लैब से किया जाना चाहिए। यदि अस्पताल की अपनी पैथोलॉजी लैब है, तो परीक्षण दरों की जांच कर सुनिश्चित करें और, सबसे महत्वपूर्ण बात, पैथोलॉजिस्ट की डिग्री क्योंकि आजकल बोगस पैथोलॉजी लैब बहुत हैं। हर नौ महीने में एक बार पैथोलॉजिस्ट के पास जाएं और अपनी रक्त परीक्षण की पुष्टि करें। प्रसव के समय शिशु रोग विशेषज्ञ का उपलब्ध होना बहुत जरूरी है। अस्पताल से घर आने से पहले बच्चे और मां को टीका लगाया जाना चाहिए और पता लगाना चाहिए कि क्या अस्पताल इस तरीके को अपनाता है। यह आपके लिए सुविधाजनक होगा यदि पहले टीकाकरण के बाद अन्य सभी टीकाकरण एक ही छत के नीचे किए जाते हैं। वर्तमान में बहुत सारे डॉक्टर (स्त्री रोग विशेषज्ञ के अलावा) हैं जिनके पास नर्सिंग होम हैं।

**आइए देखें कि इसके क्या फायदे और नुकसान हैं।**

एक डॉक्टर द्वारा इलाज के लिए शुल्क जो नर्सिंग होम का मालिक नहीं है, कम हो सकता है। हालांकि, इस एक लाभ को देखते हुए, अन्य नुकसानों को भी ध्यान में रखा जाना चाहिए। ऐसे डॉक्टर उस अस्पताल में एक निश्चित अवधि के लिए उपलब्ध होते हैं और वे आपकी पूरी जिम्मेदारी लेने के लिए तैयार नहीं होते हैं। कई चीजें हैं जिन्हें आपको बाहर से प्रबंध करने की आवश्यकता हो सकती है। भरपूर सहयोग मिलने की संभावनाएं कम हैं। ऐसी जगह में समन्वय की संभावना भी थोड़ी कम है, क्योंकि सारी जिम्मेदारी उस डॉक्टर या अस्पताल पर नहीं है। यदि डॉक्टर का अपना नर्सिंग होम है, तो उस डॉक्टर को किसी भी समय आपकी आवश्यकता पड़ती है। इसके अलावा सभी जिम्मेदारी नर्सिंग होम की होती है, आपको एक छत के नीचे सभी आवश्यक सुविधाएं मिलती हैं। समन्वय और सुसंगतता महत्वपूर्ण है क्योंकि एक व्यक्ति सभी स्तरों पर प्रणाली को देखता है। हालांकि, यदि नर्सिंग होम छोटा है, तो कभी-कभी एक छत के नीचे सभी सुविधाएं प्रदान करना संभव नहीं है। आपको बाल चिकित्सा देखभाल या कुछ अन्य सुविधाओं के लिए अन्य अस्पतालों पर निर्भर रहना पड़ सकता है। कॉरपोरेट अस्पताल आजकल शहरों में अपनी जड़ें फैला रहे हैं।

**आइए देखें उनके फायदे और नुकसान।**

ऐसे अस्पताल में बुनियादी ढांचा बहुत उच्च स्तर का होता है, इसलिए एक छत के नीचे सभी सुविधाएं प्राप्त करना 100% संभव है। हालांकि, कई डॉक्टर ऐसे अस्पताल में काम करते हैं, जिम्मेदारियां विभाजित होती हैं और समन्वय कुछ हद तक कम हो सकता है। ऐसे अस्पताल की लागत आम आदमी की जेब पर भारी पड़ती है। आप स्वास्थ्य बीमा के बिना इसे वहन नहीं कर सकते। यदि आपके पास स्वास्थ्य बीमा है, तो आपकी बीमा सीमा समाप्त होने की संभावना है और आपको अन्य शुल्क के नाम पर एक निश्चित राशि का भुगतान करना पड़ सकता है।

ADVT


## पश्चिम रेलवे

### संकेत एवं दूरसंचार कार्य

**निविदा सं. : SG 217_2_285_WA dated : 07.05.2021. कार्य का नाम :** मुंबई उपनगर मंडल, पश्चिम रेलवे के जोगेश्वरी स्टेशन पर एबीबी मेक एएफटीसी एवं ओल्ड एसी ट्रैक सर्किट के बदलाव द्वारा मल्टी सेक्शन डिजीटल एक्सल काउंटर के प्रावधान के संदर्भ में सामग्री की भाग में आपूर्ति, खाइयों की खुदाई, संकेत एवं दूरसंचार केबल को बिछाना, आउटडोर सिग्नलिंग उपकरण का प्रतिष्ठापन, जांच एवं क्रियान्वयन कार्य. **कार्य की लगभग कीमत :** रु. २४,९४,२८१.७७. **कार्यालय विवरण, जहां ई–निविदा खुलेगी :** वरिष्ठ मंडल संकेत एवं दूरसंचार अभियंता (एस), २रा तल, मंडल रेल प्रबंधक कार्यालय, मुंबई सेंट्रल, मुंबई - ४०000८. **ईएमडी :** बोली सुरक्षा घोषणा आवश्यक. **ई–निविदा दस्तावेज प्रस्तुति की बंद होने की तिथि एवं समय :** ०७.०६.२०२१ को १५.०० बजे. **ई–निविदा खुलने की तिथि एवं समय :** ०७.०६.२०२१ को १५.३० बजे. निविदा **http://www.ireps.gov.in** पर देखी जा सकती है. 085

हमें लाइक करें: facebook.com/WesternRly



## पश्चिम रेलवे

### संकेत एवं दूरसंचार कार्य

**निविदा सं. : SG 217_2_285_WA dated : 06.05.2021. कार्य का नाम :** मुंबई उपनगर मंडल, पश्चिम रेलवे के बांद्रा स्टेशन पर ओल्ड एसी ट्रैक सर्किट के बदलाव द्वारा मल्टी सेक्शन डिजीटल एक्सल काउंटर के प्रावधान के संदर्भ में सामग्री की भाग में आपूर्ति, खाइयों (गड्ढे) की खुदाई, सिग्नल एवं दूरसंचार केबल को बिछाना, आउटडोर सिग्नलिंग उपकरण का प्रतिष्ठापन, जांच एवं क्रियान्वयन. **कार्य की लगभग कीमत :** रु. ५७,१८,०९०.५. **कार्यालय विवरण, जहां ई–निविदा खुलेगी :** वरिष्ठ मंडल संकेत एवं दूरसंचार अभियंता (एस), २रा तल, मंडल रेल प्रबंधक कार्यालय, मुंबई सेंट्रल, मुंबई - ४०000८. **ईएमडी :** बोली सुरक्षा घोषणा आवश्यक. **ई–निविदा दस्तावेज प्रस्तुति की बंद होने की तिथि एवं समय :** ०४.०६.२०२१ को १५.०० बजे. **ई–निविदा खुलने की तिथि एवं समय :** ०४.०६.२०२१ को १५.३० बजे के बाद. निविदा वेबसाइट **http://www.ireps.gov.in** पर देखी जा सकती है. 079

हमें लाइक करें: facebook.com/WesternRly



